*This Question Paper contains 8 printed pages.*

Seat No.:

Sl. No. :

# 009(H)

**(March, 2020)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

सूचनाएँ :

1) प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं और कुल 57 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।
3) शुद्ध वाक्यरचना, भाषाशैली एवं स्वच्छता पर ध्यान दें।
4) प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं।

## विभाग - A

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [5]

(1) कृष्ण किस राग में गीत गा रहे हैं?

(2) भरत के माता-पिता का नाम क्या था?

(3) मानसरोवर में कमलों के ऊपर क्या गिरने से चित्र मनमोहक लगता है?

(4) कवि दुष्यन्तकुमार की कविता में घर कहाँ बने हुए हैं?

(5) 'जो बीत गई सो बात गई' कविता के कवि कौन हैं?

**अथवा**

कवि उदय प्रकाश के जीवन को किसने संस्कारित किया?

■ निम्नलिखित विधानों को सही विकल्प द्वारा पूर्ण करके लिखिए : [4]

(6) ऋतु वसंत का सुप्रभात था ........

(काव्य पंक्ति पूर्ण कीजिए।)

(अ) सारी रात बितानी होती (ब) मंद-मंद था अनिल बह रहा

(स) छोटे-छोटे मोती जैसे (द) तुंग हिमालय के कंधों पर

(7) यदि दीदी नदी है, तो कवि क्या बनना चाहते हैं?

(अ) लहर (ब) चट्टान

(स) मछली (द) तेज़

(8) डाकिया दर-दर क्या लेकर घूम रहा है?

(अ) कागज़ (ब) कार्ड्स

(स) तार (द) बैरंग बेनाम चिट्ठी

(9) वस्तुओं से हीन होते जाने का अर्थ है —

(अ) व्यक्तित्व से सम्पन्न होते जाना (ब) युद्ध और आतंक

(स) समाज में संकीर्णता बढ़ जाना (द) अमानवीय हो जाना

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** [6]

(10) गोपियाँ कृष्ण की बाँसुरी को अपने होठों पर क्यों नहीं रखना चाहती?

(11) कवि को अपनी दीदी घर की नींव की ईंट के समान क्यों लगती है?

(12) बैरंग बेनाम चिट्ठी किसे कहते हैं?

**अथवा**

'महाप्रस्थान' खण्ड काव्य का विषय क्या है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए :** [10]

(13) बालक भरत का लालन-पालन कैसे हुआ?

(14) कवि बैरंग चिट्ठी को परकटा पंछी क्यों कहता है?

**अथवा**

कृष्ण कैसे होली खेल रहे हैं?

## विभाग - B

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [ 5 ]

( 15 ) 'अकेली' कहानी का प्रमुख पात्र कौन है?

( 16 ) जोहनिसबर्ग पहुँचने के लिए एक रात कहाँ रुकना पड़ता था?

( 17 ) वजीर अली का लक्ष्य क्या था?

( 18 ) गाँव का पुश्तैनी घर बंद क्यों रहता था?

( 19 ) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है'— गद्य में मिश्रजी ने किस भाव की प्रस्तुति की है?

**अथवा**

मनोहरपुरी किसकी राजधानी है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** [ 4

( 20 ) लेखक का मन महीनों से उदास है, क्योंकि ......

(अ) वेतन कम मिल रहा था।

(ब) पत्नी से अनबन हो गई थी।

(स) देशवासियों पर विपत्ति आ गई थी।

(द) कुछ तबीयत ढीली, कुछ तनाव और टूटने का डर था।

( 21 ) एक नेता का जन्मदिन चार साल में एक बार आता है, क्योंकि वे ........

(अ) 29 फरवरी को पैदा हुए थे।

(ब) तीन साल से बहुत बीमार रहते थे।

(स) चुनाव के कारण समय नहीं निकाल पाते थे।

(द) उपरोक्त तीनों में से एक भी नहीं।

( 22 ) गांधीजी को सिकरम में कहाँ बैठाया गया?

(अ) यात्रियों के पास (ब) गोरे के पैरों में

(स) सबके पीछे (द) वाहन चालक के पीछे

( 23 ) सुभाष बाबू का जीवन पथ कैसा था?

( अ ) सुखमय　　　( ब ) आनंदमय

( क ) संघर्षमय　　　( ड ) भोगमय

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** [ 6 ]

( 24 ) रेडियम को छूने से क्या होता है?

( 25 ) गोरे अफसर ने गांधीजी के साथ दुर्व्यवहार क्यों किया?

( 26 ) पण्डित अलोपीदीन कौन थे?

**अथवा**

डिप्टी मजिस्ट्रेट ने अपनी तजवीज में क्या लिखा?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए :** [ 10 ]

( 27 ) सुभाष बाबू ने सेगाँव रेडियो पर से भारतवासियों के लिए क्या संदेश दिया?

( 28 ) "मेरे राम का मुकुट भीग रहा है" ऐसा लेखक क्यों कहते हैं?

**अथवा**

वजीर अली का स्वप्न क्या था?

## विभाग - C

**निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :** [ 2 ]

( 29 ) पुश्तैनी

( 30 ) इकरारनामा

**अथवा**

जाँबाज

**निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :** [ 2 ]

( 31 ) आयात

( 32 ) उपकार

अथवा

मालिक

■ निम्नलिखित तद्भव शब्द के तत्सम रूप लिखिए : [ 1 ]

( 33 ) आँग

अथवा

काज

■ निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए : [ 2 ]

( 34 ) भारतीयता

( 35 ) नारीत्व

अथवा

कवित्व

■ निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण पहचानिए : [ 2 ]

( 36 ) वंशीधर आज्ञाकारी पुत्र था।

( 37 ) सामा बुआ अकेली रहती थी।

अथवा

सूर्य की किरणें तीव्र गरमी देती हैं।

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए : [ 1 ]

( 38 ) एक हरे रंग की चिड़िया –

■ निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए : [ 2 ]

( 39 ) हमें शुद्ध गाय का दूध चाहिए।

( 40 ) वह यहीं से वापस लौटकर आएगा।

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [ 2 ]

( 41 ) हाथ न लगना

अथवा

तंग आना

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए : [ 1 ]

( 42 ) कर भला होगा भला

अथवा

नाच न जाने आँगन टेढ़ा

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [ 5 ]

( 43 ) ब्राउजर किसे कहते हैं?

( 44 ) मनीऑर्डर क्या है?

( 45 ) मुद्रण कला का आविष्कार कहाँ हुआ?

( 46 ) शब्द किसे कहते हैं?

( 47 ) तद्भव शब्द किसे कहते हैं?

अथवा

एम ओ विदेश किसे कहते हैं?

## विभाग -D

■ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर एक-तिहाई भाग में सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : [ 5 ]

( 48 ) सिंधु घाटी के लोगों में कला या सुरुचि का महत्त्व ज़्यादा था। वास्तुकला या नगर नियोजन ही नहीं, धातु और पत्थर की मूर्तियाँ, मृदू-भांड, उन पर चित्रित मनुष्य, वनस्पति और पशु-पक्षियों की छवियाँ, सुनिर्मित मुहरें, उन पर बारीकी से उत्कीर्ण आकृतियाँ, खिलौने, केश-विन्यास, आभूषण और सबसे ऊपर सुघड़ अक्षरों का लिपिरूप सिंधु सभ्यता को तकनीक सिद्ध से

ज्यादा कला सिद्ध जाहिर करता है। एक पुरातत्त्ववेत्ता के मुताबिक सिंधु सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य बोध है।"जो राज-पोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज-पोषित था।" शायद इसलिए आकार की भव्यता की जगह उसमें कला की भव्यता दिखाई देती है।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए :** [ 3 ]

( 49 ) हम पंछी उन्मुक्त गगन के,
पिंजर बंध में न रह पाएंगे
कनक तिलियों से टकराकर,
पुलकित पंख टूट जाएंगे।

**अथवा**

मंदिर-मस्जिद गिरिजाघर ने बाँट लिया भगवान को,
धरती बाँटी, सागर बाँटा, मत बाँटो इन्सान को।

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [ 5 ]

हमारे पुरखों ने स्त्रियों को विशेष महत्त्व दिया है। उन्होंने स्त्री को धार्मिक कार्यों में अग्रस्थान दिया है और उसकी बड़ी प्रशंसा की है। वे मानते थे कि जिस घर में विदुषी नारी होती है, वहीं के नर-नारी सद्गुणों से विभूषित हो जाते हैं। इसलिए तो मनु ने कहा है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:" अर्थात् जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करता है। स्त्री तो घर की रानी है। उसका भाव बच्चों पर सबसे ज्यादा होता है। बचपन में बालकों पर गहरे संस्कार पड़ते हैं, वे हमेशा के लिए रह जाते हैं। इस प्रकार स्त्री के कारण ही मानव समाज ने उन्नति की है। स्त्री ही दुनिया में बड़े-बड़े महापुरुष पैदा करती है। मानव समाज की उन्नति में उसका जितना हाथ है उतना किसी और का नहीं है। उसकी प्रेरणा से संसार में मनुष्य रत्न पैदा होते हैं और मानव समाज को उन्नति के पथ पर ले जाते हैं।

( 50 ) स्त्री के लिए पूर्वजों का क्या मानना था?

( 51 ) स्त्रियों के लिए मनु ने क्या कहा है?

(52) स्त्रियों का भाव किस पर ज़्यादा होता है?

(53) समाज की उन्नति में स्त्रियों का योगदान क्या है?

(54) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

■ निम्नलिखित किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [8]

(55) अब्दुल कलाम —

प्रस्तावना — अब्दुल कलाम — जन्म — बचपन — पढ़ाई के लिए संघर्ष — वैज्ञानिक के रूप में — इन्सानियत और कलाम साहब — राष्ट्रपति — कार्यक्षेत्र।

**अथवा**

गजराज के किसान —

प्रस्तावना — खेती प्रधान देश — राज्य — वातावरण की अनिश्चितता — खेती की उपयोगिता — किसान का कार्यभार —किसान की चिंता।

**अथवा**

कर्तव्यनिष्ठ सिपाही की आत्मकथा —

प्रस्तावना — जन्म — बचपन — शिक्षा — नौकरी प्राप्ति — धर्म— धन — घूस न लेना — ईमानदारी का फल — सुख।

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** [4]

(56) किसान — चार बेटे — चारों आलसी — किसान का बुढ़ापा — बेटों की चिंता — मरते समय कहा — मैंने खेत में धन का कलश रखा है — चारों बेटों ने खेत को खोद डाला — कुछ न मिला — निराश होकर खेत में काम करना — अच्छी फसल — बोध।

**पत्र लेखन कीजिए :** [5

(57) 'योगाभ्यास' का महत्त्व बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

◆◆◆